

## सिर्फ सिर्फ केएल राहुल ही खेल सकते हैं 360* शॉटः मांजरेकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कॉमेंटेटर संजय मांजरेकर ने जबरदस्त फॉर्म में चल रहे लोकेश राहुल की तारीफ की है। उन्होंने ट्विटर पर इस भारतीय बल्लेबाज को इकलौता 360* शॉट खेलने वाला क्रिकेटर भी बताया है। बता दें कि केएल राहुल ने टी–20 सीरीज के 5 मैचों में 56 की औसत से 224 रन कूटते हुए भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। टी–20 सीरीज में टॉप स्कोरर रहे राहुल ने वनडे सीरीज में भी 3 चौके और 6 छक्के लगाते हुए नाबाद 88 रन बनाए थे। हालांकि, इस मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा था।

मांजरेकर ने लिखा– सिर्फ केएल राहुल ही 360* बैटिंग लुक को पारंपरिक और शास्त्रीय बना सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर की इस पोस्ट पर जबरदस्त प्रतिक्रिया भी मिल रही है। जहां कुछ फैन्स मांजरेकर की इस बात से सहमत हैं तो कुछ ने 360* बैट्समैन के रूप में साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डि विलियर्स का नाम लिया। बता दें कि केएल राहुल न्यू जीलैंड के खिलाफ टी–20 सीरीज में बेहद आसानी से परंपरागत शॉट और स्विच हिट जैसे नए शॉट खेलते दिखे थे। बता दें कि केएल राहुल न केवल बैटिंग, बल्कि विकेटकीपिंग में भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत और न्यू जीलैंड के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मैच ऑकलैंड में रविवार को खेला जाएगा। यहां भारतीय टीम जीत दर्ज करते हुए सीरीज में वापसी की कोशिश करेगी। फिलहाल वह न्यू जीलैंड के मुकाबले 0–1 से पिछड़ी हुई है।

# आज दूसरा वनडे, भारत के आगे कमबैक चुनौती

क्रिकेट

### पहले मैच में भारतीय टीम को न्यू जीलैंड से हार का सामना करना पड़ा था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ऑकलैंड। सीरीज के पहले मैच में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में कमियां उजागर होने के बाद भारतीय टीम अब उनसे उबरकर न्यू जीलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां दूसरे एक दिवसीय मैच में उतरेगी। टी20 सीरीज में 5–0 से जीतने के बाद भारतीय टीम को तीन वनडे मैचों के पहले ही मैच में चार विकेट से पराजय झेलनी पड़ी। न्यू जीलैंड ने वनडे क्रिकेट में अपने सर्वोच्च स्कोर लक्ष्य का पीछा करते हुए यह जीत दर्ज की। ईडन पार्क मैदान छोटा होने से बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा होगा।

न्यू जीलैंड ने यहां दोनों टी20 मैचों में पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन भारत ने अलग अलग हालात में बखूबी लक्ष्य का पीछा किया। हैमिल्टन में हालांकि उसे जीत नहीं मिल सकी। भारतीय टीम ने वैसे वेस्ट इंडीज और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच हारने के बाद वापसी करके वनडे सीरीज जीती है और यहां भी उसके इरादे ऐसा ही कुछ करने के होंगे। वेस्ट इंडीज के खिलाफ चेन्नै में और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई को भारत को शिकस्त का सामना करना पड़ा था।



**फील्डिंग का स्तर सुधारने की जरूरतः** न्यू जीलैंड के बल्लेबाजों ने पहले वनडे में भारत पर पूरी तरह से दबाव बनाया और भारतीय गेंदबाजों के पास उसका कोई जवाब नहीं था। पहले वनडे में विकेट की तलाश में कप्तान विराट कोहली ने बार बार जसप्रीत बुमराह पर ही भरॉसा किया। भारत को इस अत्यधिक निर्भरता से बचना होगा। भारतीय फील्डिंग भी पिछले मैच में लचर थी। चेन्नै, मुंबई और हैमिल्टन में हर जगह हार का अहम कारण लचर फील्डिंग रही। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के बाद से भारत के क्षेत्ररक्षण का स्तर गिरा है और टीम को मिलकर इसमें सुधार करना होगा।

**प्लेइंग इलेवन में दिख सकते हैं ये बदलावः** भारतीय टीम ने शुक्रवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग लिया। नवदीप सैनी और शार्दुल ठाकुर दोनों ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी की। ठाकुर टी20 मैच में महंगे साबित हुए थे और पहले वनडे में भी कुछ खास नहीं कर सके। भारत उनकी जगह सैनी को उतार सकता है। इसके अलावा टीम में केदार जाधव की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। चयनकर्ताओं ने टीम में संतुलन के लिए उन्हें अंतिम एकादश में रखा लेकिन कोहली ने हैमिल्टन में उनसे एक भी ओवर नहीं कराया। ऐसे में शिवम दुबे या मनीष पांडे को उतारना बेहतर होगा।

**कीवी टीम में भी होंगे बदलावः** न्यू जीलैंड के लिए टी20 सीरीज में हार के बाद टीम में बदलाव सुखद रहा। टाम लाथम ने मध्यक्रम में उपयोगी बल्लेबाजी की।

## मार्नस लाबुशाने का शानदार फुटवर्क देख कर अपने खेल की याद आती हैः सचिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सिडनी। भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर ने शुक्रवार को कहा कि शानदार फुटवर्क ऑस्ट्रेलिया के मार्नुस लाबुशाने को विशेष बल्लेबाज बनाता है जिसे देखकर उन्हें अपने खेल की याद आती है। मेलबर्न में बुशफायर चौरिटी मैच के लिए बतौर कोच यहां पहुंचे तेंडुलकर से जब पूछा गया कि किस खिलाड़ी का खेलने का तरीका उनके सबसे करीब है।

तेंडुलकर ने कहा, 'मैं ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच को देख रहा था। जब स्टीव स्मिथ चोटिल हुए तो मैंने दूसरी पारी में लाबुशाने की बल्लेबाजी देखी।' उन्होंने कहा, 'लाबुशाने को जोफ्रा



आर्चर की गेंद पर चोट लगी लेकिन इसके बाद 15 मिनट तक उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की। मैंने कहा, 'यह खिलाड़ी खास है'।'

उन्होंने कहा, 'इस खिलाड़ी में कुछ विशेष बात है। उसका फुटवर्क बिल्कुल सही है। फुटवर्क शारीरिक तौर पर नहीं, मानसिक तौर पर होता है। अगर आप सकारात्मक नहीं सोचेंगे तो आपका पैर नहीं चलेगा।' पच्चीस साल का यह बल्लेबाज पिछले साल 1104 रन बनाकर टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला बल्लेबाल बना। उन्हें स्टीव स्मिथ के चोटिल होने के बाद कनकशन विकल्प (चोटिल खिलाड़ी की जगह) के तौर पर मौका मिला था। उन्होंने हालांकि दमदार खेल से टीम में अपनी जगह पक्की की ली। एशेज में उन्होंने 50.42 की औसत से 353 रन बनाए। तेंडुलकर ने कहा कि शानदार फुटवर्क यह बताता है कि लाबुशाने मानसिक तौर पर मजबूत खिलाड़ी हैं।

तेंडुलकर ने इस मौके पर भारतीय कप्तान विराट कोहली और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के बीच तुलना करने से इनकार कर दिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, 'मैं तुलना में विश्वास नहीं रखता हूं।

## एफआईएच प्रो लीगः भारत के सामने बेल्जियम की कठिन चुनौती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भुवनेश्वर। एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास बढने के बावजूद भारत को शनिवार को यहां विश्व चौम्पियन बेल्जियम के खिलाफ मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। टूर्नामेंट के पहले सत्र से बाहर रहने के बाद भारत ने लीग में शानदार पदार्पण करके नीदरलैंड के खिलाफ मैच में पांच अंक हासिल किये। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम भारत ने पहले मैच में 5.2 से और दूसरे में शूटआउट में 3.1 से जीत दर्ज की। उसके बाद से भारत का कोई मैच नहीं था लिहाजा टीम पांचवें नंबर पर है। बेल्जियम चार मैचों में 11 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि नीदरलैंड दूसरे स्थान पर है। आस्ट्रेलिया तीसरे, जर्मनी चौथे और भारत पांचवें स्थान पर है।

बेल्जियम ने कलिंगा स्टेडियम पर ही 2018 में विश्व कप जीता था । हाल ही में विश्व रैंकिंग में आस्ट्रेलिया को पछाड़कर नंबर एक पर पहुंची बेल्जियम के हौसले आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को हराने के बाद बुलंद है।

## न्यूज डायरी



### करॉना वायरस के कारण भारतीय महिला हॉकी टीम का चीन दौरा रद्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। करॉना वायरस के कारण भारतीय महिला हॉकी टीम को अपना चीन दौरा रद्द करना पड़ा है। अब हॉकी इंडिया के सामने ओलिंपिक की तैयारी के लिए वैकल्पिक दौरे के आयोजन की कठिन चुनौती है। भारतीय टीम को 14 से 25 मार्च तक चीन दौरे पर जाना था लेकिन इस बीमारी के कारण दौरा रद्द करना पड़ा। भारतीय कप्तान रानी ने कहा, 'हमें चीन जाना था, लेकिन वायरस के कारण दौरा रद्द हो गया। कई दूसरी टीमें भी उपलब्ध नहीं है क्योंकि वे प्रो हॉकी लीग खेल रही हैं।' उन्होंने कहा, 'हॉकी इंडिया और हमारे कोच व्यवस्था कर रहे हैं। ओलिंपिक की तैयारी के लिये बड़ी टीमों से खेलना जरूरी है।' उल्लेखनीय है कि इस वायरस के संक्रमण से चीन में जहां सैकड़ों लोगों की मौत हो गई तो अन्य देशों में भी इससे संक्रमित लोग पाए गए हैं।

### भारतीय स्पिनरों के खिलाफ अधिक आक्रामक होना होगाः मार्टिन गप्टिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। न्यू जीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम भारत के खिलाफ शनिवार को दूसरे वनडे में आक्रामक खेलेगी ताकि सीरीज का फैसला कल ही हो जाए। न्यू जीलैंड ने पहले वनडे में अपने सर्वोच्च लक्ष्य का पीछा करके जीत दर्ज की। गप्टिल ने कहा कि स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन जीत की कुंजी रहा। कीवी बल्लेबाजों ने रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जमकर धुनाई की। उन्होंने कहा, 'यहां हालात एकदम अलग है। हमें और आक्रामक खेलना होगा। यहां गेंद उतनी स्पिन नहीं लेगी। हमने पहले मैच में भारतीय स्पिनरों को बखूबी खेला और उस लय को कायम रखेंगे।' उन्होंने हालांकि कहा कि भारतीय टीम को कतई हलके में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा, 'भारत को हलके में लेना भारी भूल होगी।

### आयुषी, दिव्या और आदर्श राष्ट्रीय राइफल–पिस्टल ट्रायल्स में जीते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तिरूवनंतपुरम। आयुषी पोद्दार ने शुक्रवार को यहां राइफल और पिस्टल वर्ग के लिये राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल्स में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पाजीशन (थ्री पी) स्पर्धा में जीत हासिल की जबकि टी एस दिव्या और आदर्श सिंह ने क्रमशरू महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और पुरूष 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल टी1 स्पर्धा में पहला स्थान प्राप्त किया। पश्चिम बंगाल की आयुषी ने महिलाओं की थ्री पी स्पर्धा में सीनियर और जूनियर दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। उन्होंने सीनियर वर्ग में 452.3 अंक का स्कोर बनाया जबकि जूनियर फाइनल में वह बस 0.1 अंक से पीछे रहीं। उन्होंने सीनियर फाइनल में तमिलनाडु की एन गायत्री को 0.4 अंक से पछाड़ा तो जूनियर स्पर्धा में मध्यप्रदेश की बंधवी सिंह को 0.9 से मात दी। आयुशी दोनों वर्गों के क्वालीफिकेशन में 1166 के स्कोर से शीर्ष पर रही थीं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में कर्नाटक की दिव्या ने अनुभवी श्वेता सिंह को पीछे छोड़ा और 235.3 अंक का स्कोर बनाया।

### ओलिंपिक टॉर्च रिले शुरू करने वाली पहली महिला होंगी कोराकाकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एथेंस। ग्रीस की ओलिंपिक शूटिंग चौंपियन एना कोराकाकी ओलिंपिक टॉर्च रिले शुरू करने वाली पहली महिला एथलीट होंगी। एचओसी ने इसकी जानकारी दी है। कमिटी ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया कि कोराकाकी को तोक्यो ओलिंपिक के लिए 12 मार्च को प्राचीन ओलिंपिया में होने वाले ओलिंपिक फ्लेम लाइटनिंग सेरेमनी में पहली टॉर्च बियरर होंगी। यह ओलिंपिक फ्लेम ग्रीस की अभिनेत्री जांथी जियोर्जियो द्वारा हैंडओवर किया जाएगा, जो ग्रीक हाई प्रीस्टेस की भूमिका निभा रही हैं। ओलिंपिक फ्लेम को प्राचीन ओलिंपिक स्टेडियम में आयोजित समारोह के दौरान पारंपरिक तौर पर सूर्य की किरणों से प्रज्जवलित किया जाएगा। कोराकाकी ने 2016 के रियो ओलिंपिक में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीत था।